**संस्थान कार्य विभाग**

**भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान रुड़की**

पत्रांक सं0 स.का.वि./निविदा/सं वा./1798

दिनांक: जुलाई 20, 2024

**अल्पकालिन–निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की परिसर के निम्न वृक्षों/वृक्ष अवशेषो (सूची संलग्न) के पातन/खुदान एवं बिक्री हेतु जहां है जैसे के आधार पर अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अलग–अलग बन्द लिफाफे में निविदाएं **संस्थान वास्तुविद** कार्यालय में **दिनांक 19.08.2024** को **11.30** बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) |
|---|---|---|
| संस्थान परिसर में सूखे, खोखले एवं खतरनाक खडे 13 वृक्षों/ वृक्ष अवशेषो के पातन/खुदान, निस्तारण एवं बिक्री। | 10000.00 | 1180.00 |

**निविदा की शर्तें :–**

1. निविदा प्रपत्र, **दिनांक 16-08-2024 को अपराहन 5.00 बजे तक** आवेदन पत्र के साथ स्वयं हस्ताक्षरित आई. डी., आवश्यक धरोहर धनराशि के रूप में नेशनलाइज्ड बैंक की एफ.डी.आर. जो **संस्थान वास्तुविद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की [Institute Architect, I.I.T.Roorkee]** के नाम बन्धक हो, व निविदा प्रपत्र (GST सहित) मूल्य रु. 1180/– वित एवं लेखा कार्यालय में जमा कर प्राप्त रसीद अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में ज़मा कर, प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा, निविदा प्रपत्र पर ही मान्य होगी। धनराशि को अंको व शब्दों में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्पष्ट लिखी जाये कटिंग पर निविदाकर्ता को अपने हस्ताक्षर करने आवश्यक है। अधुरी, कटिंग अथवा ओवरराईटिंग, बिना हस्ताक्षर की निविदा स्वीकार नहीं होगीं व बिना बोले निरस्त कर सील बन्द कर दी जायेगीं।
3. निविदा प्रपत्र में आवेदनकर्ता को अपना नाम, पता, मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई. डी. (यदि है तो) स्पष्ट रुप में आवेदन पत्र में लगाई गयी आई. डी. के अनुरुप लिखना आवश्यक है। पते के सत्यापन के लिए आधार कार्ड/पैन कार्ड/फोटो पहचान पत्र में से किसी एक स्वयं सत्यापित फोटो प्रति निविदा प्रपत्र के साथ सलंग्न करना आवश्यक है।
4. यदि दो या दो से अधिक ठेकेदारो की निविदा की दरें समान पाई जाती है तो Negotiations के पश्चात सबसे अधिक दरें देने वाले निविदाकर्ता की निविदा मान्य होगी।
5. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निम्न दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदनकर्ता द्वारा निम्न दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराते है तो आवेदनकर्ता को निविदा प्रपत्र नहीं दिया जायेगा।
   - जी0 एस0 टी0 रजिस्ट्रेशन
   - पेन कार्ड
   - आधार कार्ड
   - एफ0 डी0 आर0
   - मोबाइल नं0
   - निविदा प्रपत्र मूल्य रसीद
6. निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र में सभी वृक्षों की कीमत अलग–अलग लिखना अनिवार्य है यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा वृक्षों की कीमत अलग–अलग नहीं लिखी गई तो निविदा को निरस्त मान कर लिफाफे में सील बन्द कर दी जायेगी।
7. उच्चतम निविदा का चयन प्राप्त उच्चतम दरों के आधार पर होगा।
8. निविदाकर्ता को निविदा खुलने के समय उपस्थित रहना चाहिए व निर्णय हेतु निविदा, खुलने से तीन माह तक वैद्य होगी।
9. प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता को स्वीकृति पत्र निर्गत के तीन दिंन के अन्दर निविदा की पुर्ण धनराशि व लागू जी एस टी दोनों **कुलसचिव, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (Registrar, I.I.T. Roorkee)** के नाम बने **दो अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट** वित एवं लेखा कार्यालय /संस्थान वास्तुविद कार्यालय में जमा कराने होगें, जिसके पश्चात स्वीकृति पत्र के अनुरुप चिन्हित वृक्षों का निस्तारण किया जायेगा। ऐसा न करने पर स्वीकृति निरस्त कर निविदाकर्ता की जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10. वृक्षों के पातन/खुदान एवं निस्तारण का कार्य स्वीकृति पत्र निर्गत के 50 दिंन के अन्दर कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में पूर्ण करना होगा।
11. वृक्षों के निस्तारण के समय यदि किसी प्रकार की संस्थान की सम्पत्ति की क्षति होती हैं तो निविदाकर्ता को अपने व्यय से पूरी करनी होगी।

12. हर नयी जगह कार्य लगाने से पूर्व व लौटते समय ठेकेदार सभी संबन्धित को सूचित करेगा। ऐसा न करने पर हर प्रकार की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
13. वृक्षों के पातन/खुदान के उपरान्त प्रकाष्ठ की निकासी हेतु नियमानुसार संस्थान से गेट पास व निकासी अनुमति कार्यालय, वन क्षेत्राधिकारी वनप्रभाग, गणेशपुर, रुड़की से निविदाकर्ता को स्वयं अपने स्तर से लेनी होगी।
14. प्रकाष्ठ निकासी नियमों की अनदेखी अथवा पालन न होने पर हर प्रकार की जिम्मेदारी निविदादाता/ठेकेदार/फर्म की होगी।
15. सभी वृक्ष जहां है जैस है के आधार पर जड़ सहित हटाने तथा छोटी शाखायें, पत्ते आदि का निस्तारण ठेकेदार को स्वयं साथ साथ साईट साफ कर लेवल करना होगा। उक्त कार्य विलम्ब से करने पर निवदाकर्ता से 1000/- प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क वसूला जायेगा और यदि आवश्यक हुआ तो धरोहर राशि जब्त कर निविदाकर्ता को ब्लेक लिस्ट भी किया जा सकता है।
16. संलग्न सूची में दर्ज वृक्षों की संख्या किसी भी स्तर तक घटाई जा सकती है।
17. स्वीकृति पत्र के अनुरुप संस्थान द्वारा चिन्हित वृक्षों का ही पातन कार्य किया जायेगा। इसमें निविदाकर्ता द्वारा प्रेषित कोई तर्क मान्य नहीं होगा।
18. निविदादाता द्वारा कुल योग वास्तविक कुल योग से कम दर्शाया गया है व उसी कुल योग को उसने शब्दो में लिखा है। उस स्थिति में जो कुल योग निविदादाता द्वारा शब्दो में व अंको में से अधिकतम दर्शाया गया है। वही मान्य होगा।
19. निविदादाता द्वारा वास्तविक कुल योग अगर उसके द्वारा दर्शाये गये कुल योग से अधिक होगा तो उस स्थिति में वास्तविक कुल ही मान्य होगा और निविदाकर्ता को अधिकतम रेट में निविदा मान्य होगी।
20. वृक्षों/वृक्ष अवशेषो के पातन/खुदान के दौरान सुरक्षा के सभी मानको का पालन करना होगा।
21. वृक्षों/वृक्ष अवशेषो के पातन/खुदान के समय किसी भी लेबर के साथ यदि कोई दुर्घटना या जान माल की हानि होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार की होगी। संस्थान की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
22. डीन इन्फ्रास्टैक्चर, को किसी भी अवस्था में निविदा को स्वीकृत अथवा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

30/07/2024

संस्थान वास्तुविद

प्रतिलिपिः--

1- डीन इन्फ्रास्टैक्चर, को सूचनार्थ प्रेशित।
2- सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को सूचनार्थ।
3- वन क्षेत्राधिकारी, वनप्रभाग, गणेशपुर, रुड़की को कार्यालय उप वन संरक्षक, हरिद्वार वन प्रभाग हरिद्वार के पत्रांक 5517/2-3, हरिद्वार दिनांक 14.03.2024 के सन्दर्भ में सूचनार्थ ।
4- सुरक्षा अधिकारी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को सूचनार्थ व समय पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु।
5- सहायक अधि0 अभियन्ता (उद्यान) को सूचनार्थ।
6- सहायक अभियन्ता (उद्यान) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7- नोटिस बोर्ड।

संस्थान परिसर में सूखे, खोखले एवं खतरनाक खड़े 13 वृक्षों/ वृक्ष अवशेषो के पातन/खुदान, निस्तारण एवं बिक्री।

| क्र. स. | स्थान | प्रजाति | सँख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 75 गोविन्दपुरी | आम | 1 |
| 2. | 41/1 आमोद कुन्ज | सिल्वर ओक | 1 |
| 3. | 33/1 आमोद कुन्ज | सिल्वर ओक | 1 |
| 4. | न्यू सोलानी कुंज पार्क | जामून | 1 |
| 5. | विकास कुन्ज पार्किंग के पास | नीम | 1 |
| 6. | अनुश्रुति स्कूल | आम | 1 |
| 7. | निदेशक आवास | कनक चम्पा | 1 |
| 8. | निदेशक आवास | आकाश नीम | 1 |
| 9. | स्पोट ऑफिस | आम | 1 |
| 10. | सुभाष चन्द बोस क्लब | आम | 1 |
| 11. | कैनाल व्यू अर्पा. | जामुन | 1 |
| 12. | 20/1 नीती नगर | सिंभल | 1 |
| 13. | निदेशक आवास | कुम्भी | 1 |
| | | | 13 |
| | | | |

30/07/2024

संस्थान वास्तुविद